# <u>ग्रीष्मकालीन गृहकार्य – हिंदी विषय</u>

कक्षा – 10

## 1. पोर्टफोलियो निर्माण

शीर्षक: "मेरा विषय – मेरा मिशन"

विवरण:

कैडेट <u>हिंदी विषय</u> पर आधारित पोर्टफोलियो तैयार करें। साथ ही यह भी दर्शाएं कि यह विषय भविष्य में सेना या अन्य सेवाओं में कैसे उपयोगी हो सकता है।अपनी उन कमियों का उल्लेख भी  करें जिनमे आप सुधार करना चाहते हैं।

प्रस्तुति:

विषय का परिचय

प्रमुख सिद्धांत/धारणाएँ

वास्तविक जीवन में उपयोग

चित्र, चार्ट, मानचित्र

## 2. परियोजना कार्य – "वाच्य"

विषय: "शुद्ध भाषा – प्रभावशाली नेतृत्व का आधार"

विवरण:

वाच्य के तीनों प्रकारों की परिभाषा, उदाहरण और वाक्य परिवर्तन अभ्यास के साथ चार्ट बनाएं। साथ ही सैन्य आदेशों/रिपोर्टों में वाच्य की भूमिका पर प्रकाश डालें।

## 3. संस्मरण लेखन

शीर्षक: "गांव की मिट्टी – परंपरा और गौरव की गाथा"

दिशा निर्देश:

अपनी दादी, नानी, बाबा या नाना से बातचीत करें और उनके बचपन के गांव, संस्कृति, परंपराएं, शिक्षा, खेल, मेलों, खेती आदि से जुड़ी बातें जानकर एक 200 शब्दों का संस्मरण लिखें।

विशेष ध्यान:

संस्मरण में भारतीय परंपराओं, आत्मनिर्भरता और सामुदायिक जीवन को दर्शाएं।

## 4. बोर्ड परीक्षा की तैयारी अभी से-

कैडेट सीबीएसई की साइट से पिछले दो वर्षों के कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों को डाउनलोड कर के उनका उत्तर दिए हुए निर्देशों के अनुसार क्रमशः **A - 4** साइज के पेपर पर लिखकर लाएं।